बागों मे कोयल गाए

बागों में कोयल गाए कान्हा गीत तुम्हारे,
वृंदावन और बरसाना भी बात यही दोहराएं, कान्हा गीत तुम्हारे.....

यमुना की धारा तेरी दीवानी,
नाम तेरा ले बहता पानी,
लहरें भी गाती जाए कान्हा गीत तुम्हारे,
बागों में कोयल गाए कान्हा गीत तुम्हारे.....

कलियों के मुख पर नाम है तेरा,
नाम सुबह और शाम है तेरा,
पत्ते भी गाते जाए कान्हा गीत तुम्हारे,
बागों में कोयल गाए गाना गीत तुम्हारे.....

पेड़ों की आंखें झूम रही है,
नाम तेरा ले झूम रही हैं,
ये 'सुमन' भी गाता जाए कान्हा गीत तुम्हारे,
बागों में कोयल गाए कान्हा गीत तुम्हारे......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29650/title/bagon-me-koyal-gaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |